

एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...**

**1 अगस्त, 2025**

**प्रिय साथियो,**

मुझे दूसरी बार हमारे प्रतिष्ठित संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है। एनएचपीसी में 36 वर्षों से अधिक समय तक सेवा देने के बाद, मुझे इसके विकास और परिवर्तन की असाधारण यात्रा का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं हमारे संगठन द्वारा मुझे दिए गए अवसरों और जिम्मेदारियों के लिए वास्तव में आभारी हूँ और मैंने हमेशा अपने कर्तव्यों को पूरी लगन और समर्पण के साथ पूरा करने का प्रयास किया है।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी निर्माणाधीन परियोजनाओं पर काम लगातार और संतोषजनक ढंग से आगे बढ़ रहा है। 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में एक प्रमुख मील के पत्थर के रूप में, 673 मीट्रिक टन भार वाले यूनिट#4 के जेनरेटर रोटर को 20 जुलाई, 2025 को सफलतापूर्वक पिट में उतारा गया। श्री पंकज अग्रवाल, आईएएस, सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, 19-20 जुलाई, 2025 तक परियोजना के अपने दौरे के दौरान इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साक्षी बने। उन्होंने परियोजना के पावर हाउस नियंत्रण कक्ष का भी उद्घाटन किया। उन्होंने परियोजना टीम के समर्पण की सराहना की और उन्हें इकाइयों को शीघ्र चालू करने के लिए गति बनाए रखने की सलाह दी। श्री अग्रवाल ने 19 जुलाई, 2025 को अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट में एनएचपीसी की सियांग अपर परियोजना का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और टीम को समय पर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जुलाई 2025 के दौरान, पकल दुल जल विद्युत परियोजना ने टीबीएम द्वारा लाइनिंग सहित 927 मीटर की अब तक की उच्चतम मासिक सुरंग बोरिंग प्रगति हासिल की है। मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पूरी सीवीपीपीएल व पकल दुल एचईपी टीम को बधाई देता हूँ।

मैंने 10 जुलाई 2025 को श्री घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष, सीईए, श्री ए. बालन, सदस्य (योजना), सीईए, श्री एम.जी. गोखले, सदस्य (हाइड्रो), सीईए और श्री वी.के. सिंह, सदस्य (पावर सिस्टम), सीईए के साथ शिष्टाचार भेंट की। इन मुलाकातों के दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों को एनएचपीसी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही प्रमुख पहलों और चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

मैंने एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 7 जुलाई, 2025 को गुवाहाटी, असम में आयोजित 'इंपैक्ट ऑफ इमर्जेंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड रिलेटेड इश्यूज़' विषय पर संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया।

ऊर्जा पर संसदीय स्थायी समिति के माननीय अध्यक्ष, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे के नेतृत्व में 4 जुलाई, 2025 को समिति द्वारा एनएचपीसी की 45 मेगावाट निम्मो बाजगो पावर स्टेशन का दौरा किया गया। श्री संजय कुमार सिंह निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी ने समिति को पावर स्टेशन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और स्थानीय क्षेत्र के लिए इसके लाभों और राष्ट्र के लिए इसके रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

साइबर सुरक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, 14 जुलाई 2025 को निगम मुख्यालय में एनएचपीसी का साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सीएसओसी) स्थापित किया गया है। सीएसओसी सभी साइबर सुरक्षा उपकरणों/अनुप्रयोगों को चौबीसों घंटे संचालन के साथ एकीकृत और समन्वित करके एनएचपीसी की साइबर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करेगा।

**अन्य मुख्य विशेषताएँ - जुलाई 2025**

जुलाई 2025 में, एनएचपीसी का राजस्व ₹837.36 करोड़ रहा। एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से कुल उत्पादन 3049 मिलियन यूनिट था और जुलाई तक का कुल संचयी उत्पादन 11394 मिलियन यूनिट था।

टनकपुर पावर स्टेशन ने जुलाई 2025 में 72.68 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया, जो कमीशनिंग के बाद से किसी भी जुलाई माह में प्राप्त किया गया अब तक का सबसे अधिक मासिक उत्पादन है।

सावलकोट जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में, संबंधित एजेंसियों द्वारा परियोजना को वन मंजूरी चरण-I और रक्षा मंजूरी प्रदान की गई है।

सैंज घाटी में 25 जून, 2025 को एक विनाशकारी बाढ़ आई, जिसके कारण पार्बती-II और पार्बती-III पावर स्टेशन पूरी तरह से बंद हो गए। इसके बाद पार्बती-III पावर स्टेशन 01 जुलाई, 2025 को पूरी तरह से बहाल कर दिया गया। पार्बती-II की दो इकाइयाँ बहाल कर दी गई हैं और शेष दो इकाइयाँ जल्द ही चालू कर दी जाएँगी। इन दोनों पावर स्टेशनों की टीमों द्वारा किए गए प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं।

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ) ने 20 से 22 जुलाई, 2025 तक अरुणाचल प्रदेश में 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया और परियोजना के प्रमुख घटकों की गतिविधियों की समीक्षा की।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने वरिष्ठ एनएचपीसी अधिकारियों के साथ 18 जुलाई, 2025 को लेह (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) में आयोजित शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में "केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में शिक्षा और खेल को समर्थन देने के लिए सीएसआर निधि के माध्यम से प्रयास" विषय पर ध्यान केंद्रित किया गया।

एनएचपीसी ने 16 जुलाई, 2025 को सीएसआर के तहत हरियाणा के फरीदाबाद जिले में आम जनता के उपयोग के लिए '50 पुलिस प्रतिष्ठानों में वाटर कूलर की स्थापना और पेयजल की व्यवस्था' के लिए मेवात ट्रस्ट फॉर एजुकेशनल वेलफेयर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एनएचपीसी ने 23 जुलाई, 2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के साथ "वाराणसी जिला पुस्तकालय का रूपांतरण" नामक परिवर्तनकारी सीएसआर पहल के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य जिला पुस्तकालय को नेट-ज़ीरो सुविधा में परिवर्तित करना है।

श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) ने 28 जुलाई, 2025 को पटना में आयोजित बिहार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने हेतु नीति 2025 के उद्‌घाटन समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री अधिकारी ने श्री मनोज कुमार सिंह, सचिव (ऊर्जा) एवं सीएमडी, बीएसपीएचसीएल से मुलाकात की और बिहार के हरित ऊर्जा दृष्टिकोण में योगदान देने में एनएचपीसी की गहरी रुचि व्यक्त की।

एनएचपीसी ने 31 जुलाई, 2025 को निगम मुख्यालय में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी की उपस्थिति में आईआईएम जम्मू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य नेतृत्व विकास, अनुसंधान और क्षमता निर्माण पहलों को बढ़ाना है।

मास्टर आर्यवंश त्यागी, एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर ने 20 जुलाई, 2025 को इटली में आयोजित इटैलियन ओपन ग्रीन कप में ट्रैप शूटिंग में रजत पदक (व्यक्तिगत) जीता।

जैसा कि हम अपने देश की स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ के करीब पहुँच रहे हैं, आइए हम अपने देश की प्रगति और समृद्धि के लिए नए समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ मिलकर काम करने के अपने सामूहिक संकल्प की पुष्टि करें।

मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी और रक्षा बंधन के पावन अवसर पर अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

आपका,

राजेन्द्र गोयल

**(आर.पी. गोयल)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**